# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**दिनांक 02.09.2024**

**थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का किया गया सफल अनावरण, कब्जे से चोरी के 16 अदद मोबाइल फोन व एक अदद तमंचा बरामद-**

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ श्री हर्षित चौहान के पर्यवेक्षण में थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर दिनांक 01.09.2024 को प्रकाश में आये 02 शातिर चोरों 1. दीपक कुमार यादव पुत्र मनोज कुमार 2. नीलकमल यादव पुत्र समरेस कुमार निवासीगण ग्राम दुराजपुर मजरे इब्राहिमाबाद थाना कोठी जनपद बाराबंकी को भानमऊ-गंगागंज रोड पर नहर पुलिया से गिरफ्तार कर चोरी की घटना का सफल अनावरण किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 16 अदद चोरी के विभिन्न कम्पनियों के नये मोबाइल फोन व एक अदद अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद कर थाना कोठी पर मु0अ0सं0 323/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण का एक गैंग है जो आर्थिक लाभ हेतु मोबाइल फोन जैसी चोरी की घटनाएं कारित करते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा जनपद बाराबंकी के थाना कोठी क्षेत्र में दिनांक 30/31.08.24 की रात्रि में शिवचन्द्र पुत्र राकेश कुमार निवासी समोसराय थाना कोठी जनपद बाराबंकी की भानमऊ चौराहे के पास स्थित आर्यन मोबाइल की दुकान की दीवाल काटकर मोबाइल फोन चोरी करने की घटना को स्वीकार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना कोठी पर मु0अ0सं0 320/2024 धारा 305(a)/331(4) बी.एन.एस. पंजीकृत है। बरामद मोबाइल फोन उक्त घटना से सम्बन्धित है, जिसको बेचने हेतु अभियुक्तगण, भानमऊ-गंगागंज रोड पर नहर पुलिया पर ग्राहक की तलाश में बैठे थे कि उसी समय पर पुलिस टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बी.एन.एस. की बढ़ोत्तरी की गई।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>**

1. दीपक कुमार यादव पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम दुराजपुर मजरे इब्राहिमाबाद थाना कोठी जनपद बाराबंकी
2. नीलकमल यादव पुत्र समरेस कुमार निवासी ग्राम दुराजपुर मजरे इब्राहिमाबाद थाना कोठी जनपद बाराबंकी

**<u>बरामदगी-</u>**

1. 16 अदद चोरी के विभिन्न कम्पनियों के नये मोबाइल फोन-

(1- मोबाइल ItelA47, 2- ItelL5503 3. Redmi 13 C 4- Realme C 61, 5-Poco C-65, 6-SMART 8, 7- Redmi 13 C, 8-NARZO N 63, 9-Poco C 65, 10-Lephone W 2, 11-Poco C 61 I, 12-Realme C 61, 13-Redmi 12, 14-Poco M 6 Pro, 15-Poco M 6 Pro, 16-Infinix Smart Q)

2. एक अदद तमंचा मय 01 अदद जिन्दा कारतूस.315 बोर (अभियुक्त दीपक के कब्जे से)

**<u>अनावरित अभियोग-</u>**

मु0अ0सं0 320/2024 धारा 305(a)/331(4)/317(2) बी.एन.एस. थाना कोठी जनपद बाराबंकी

**<u>पुलिस टीम-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह थाना कोठी जनपद बाराबंकी।
2. उ0नि0 संजय यादव थाना कोठी जनपद बाराबंकी।
3. हे0का0 जलालुद्दीन, हे0का0 भानु प्रताप थाना कोठी जनपद बाराबंकी।
4. का0 राजेश्वर सिंह, का0 योगेंद्र यादव, व का0 मो0 अफजल थाना कोठी जनपद बाराबंकी।